सुविचार



बुरे विचारों को न पालें, अच्छा दिखने के लिए नहीं बल्कि अच्छा बनने के लिए जिएं।
- डॉ. भीमराव आंबेडकर


# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, बुधवार, 18 फरवरी 2026



**बरेली के प्रमुख समाचार**

- बरेली के डीएम-एसएसपी को अवमानना नोटिस - II
- बरेली में रहकर पढ़े कई प्रदेशों के लोग, अंकपत्रों की हो रही जांच -III
- सिलेबस से आया था पेपर, थोड़ा समय रह गया कम -IV


## सिटी ब्रीफ

### घरेलू कलह में मां की चाकू मारकर हत्या में उम्रकैद

**बरेली, अमृत विचार** : घरेलू कलह में मां की चाकू मारकर हत्या करने के आरोपी थाना किला के पंजाबपुरा साहूकारा निवासी सूरज को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या- 4 अमृत शुक्ला की अदालत ने सश्रम आजीवन कारावास व 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। वादी बाबूराम ने थाना किला में तहरीर देकर बताया कि 18 अक्टूबर 2022 को करीब 3 .30 बजे भांजे सूरज ने घरेलू कलह को लेकर अपनी मां मंजू देवी को चाकू मारकर घायल कर दिया व मंजू को बचाने आयी अपनी पत्नी अनीता देवी को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। अस्पताल ले जाते वक्त मंजू की रास्ते में ही मौत हो गयी।

### गैंगस्टर ने कुबूला जुर्म 2 वर्ष कैद की सजा

**विधि संवाददाता, बरेली** : क्योलड़िया थाना पुलिस ने पीलीभीत के थाना बीसलपुर के ग्राम सोरहा निवासी वीरेन्द्र के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। वीरेन्द्र ने अदालत में जुर्म कुबूल कर लिया। वीरेन्द्र को दोषसिद्ध करते हुए स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट तबरेज अहमद ने 2 वर्ष कठोर कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पाली सुबह 8 :30 बजे से 11 :45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 :15 बजे
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10 बजे से 1:30 बजे तक
- त्रिवटी नाथ मंदिर में मां भवानी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में पूजा अर्चना एवं भजन संध्या सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक।
- रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालयी की सेपक टाकरा महिला -पुरुष प्रतियोगिता पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सुबह 10 बजे।
- किसान दिवस पर विकास भवन सभागार में बैठक दोपहर 12 बजे।

## जानलेवा लापरवाही



सीबीएसई की परीक्षाएं शुरू हो गईं। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो रही हैं। दोपहर में कैंट स्थित एक परीक्षा केन्द्र से सीबीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा देकर निकलते समय बिना हेलमेट के बाइक व स्कूटी पर चार-चार छात्र बैठकर और वो भी तेज रफ्तार से फर्राटा भरते हुए दिखे। परीक्षाओं का समय है, सुरक्षा से चूक हुई तो परीक्षा छूट भी सकती है। अभिभावक भी बच्चों को समझाएं कि बाइक पर सुरक्षित आवागमन करें। ऐसे में यातायात पुलिस भी परीक्षा केन्द्रों के बाहर ऐसी सख्ती बरतें कि बच्चों में सुरक्षित आवागमन का संदेश जाए।
फोटो और विवरण : ● मोहित कुमार सिंह

# वनमंत्री ने शुरू की बरेली में एम्स और क्रिटिकल केयर सेंटर की स्थापना की पैरवी

कार्यालय संवाददाता

**बरेली, अमृत विचार:** वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बरेली की चिकित्सा सेवाओं को बेहतर करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने शासन स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के कई प्रोजेक्ट के लिए प्रयास शुरू कर दिये हैं। तीन सौ बेड हॉस्पिटल को सरकारी या पीपीपी मोड पर संचालित कराने, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना और एक क्रिटिकल केयर सेंटर की स्थापना कराने की पैरवी की है।

मंगलवार को उन्होंने लखनऊ स्थित आवास पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष को बुलाकर बातचीत की। प्रमुख सचिव को पत्र



प्रमुख सचिव के साथ चर्चा करते वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार। ● अमृत विचार

देकर उस पर गहन चर्चा की। साथ ही जनपद में लंबे समय से रिक्त चल रहे कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट पदों को शीघ्र भरने के लिए संबंधित को निर्देशित करने के लिए कहा। दरअसल, बरेली में सरकारी व्यवस्था में क्रिटिकल मरीजों के लिए बेहतर उपचार नहीं है। जिस उद्देश्य से तीन सौ बेड हॉस्पिटल का निर्माण कराया गया, वह आज तक अधूरा है। लंबे समय से इस हॉस्पिटल को पीपीपी मोड पर संचालित करने की कवायद हो रही है लेकिन संचालन शुरू नहीं हुआ है। कुछ दिन पहले कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने आईएमए के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इसके बाद सीएमओ की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

# यूपी बोर्ड : 10वीं और 12वीं की परीक्षा आज से शुरू

## नकल विहीन परीक्षा के लिए किए गए कड़े सुरक्षा इंतजाम, तैनात किए गए मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा बुधवार से शुरू होगी। जिले में 130 परीक्षा केंद्रों पर 92135 छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस इंतजाम करने के साथ ही मजिस्ट्रेटों की लगातार निगरानी रहेगी। संवेदनशील और अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात करने के साथ ही मजिस्ट्रेटों की निगरानी रहेगी। पेपरों को कड़ी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इस पर सीसीटीवी से 24 घंटे नजर रखी जा रही है।

जिले में बुधवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए 130 केंद्र बनाए गए हैं। जिले में इस वर्ष 92135 छात्र छात्राएं यूपी बोर्ड की परीक्षा देंगे। हाईस्कूल में 49977 और इंटरमीडियेट में 42148 छात्र शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पिछले तीन दिनों से तैयारियां की जा रही थीं।

मंगलवार की शाम तक परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की। यहां से सीसीटीवी कैमरों की मदद से परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। स्टांग रूम की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जा रही है।परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए जिले को सात जोन में और 17 सेक्टर में बाटा गया है। नकल को रोकने के लिए 129 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की टीम हर समय परीक्षा केंद्र पर नजर बनाकर चेकिंग करती रहेगी। जिले में चिह्नित 9 संवेदनशील और चार अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के साथ-साथ पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

### यूपी बोर्ड परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य

- 130 परीक्षा केंद्र जिले भर में बनाए गए
- 129 स्टेटिक मजिस्ट्रेट किए गए तैनात
- 09 परीक्षा केंद्र जिले में संवेदनशील माने गए
- 04 को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया

> परीक्षा को पूरी तरह से नकल विहीन बनाने की पूरी तैयारी की जा चुकी है। कंट्रोल रूम के जरिये परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। 130 केंद्रों की चेकिंग के लिए 129 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को नियुक्त किया गया है।
> - डॉ. अजीत कुमार, डीआईओएस

- जिले में हाईस्कूल में 49977 और इंटर में 42148 छात्र देंगे परीक्षा
- स्ट्रांग रूम में रखे पेपर, कंट्रोल रूम से 24 घंटे की जा रही निगरानी



एसवी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर सिटिंग व्यवस्था तैयार करते शिक्षक।

### छात्रों के लिए निःशुल्क काउंसलिंग हेल्पलाइन

बरेली, अमृत विचार : मनोसमर्पण ने एग्जाम फोबिया से निपटने की पहल शुरू की है। दस साइकोलॉजिस्ट की टीम बोर्ड एग्जाम के बच्चों की निःशुल्क काउंसलिंग करेगी। इसको लेकर 9720333655 एवं 9720333755 हेल्पलाइन नम्बर जारी किए हैं। मनोसमर्पण के फाउंडर शैलेश शर्मा व वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ और मनोचिकित्सक डॉ. सर्वेश चंद्रा ने बताया कि बोर्ड एग्जाम दे रहे बच्चों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए ये हेल्पलाइन नंबर शुरू किए हैं। इनके माध्यम से बच्चे अथवा उनके माता-पिता फोन करके बच्चों को होने वाली मनोवैज्ञानिक समस्याओं को दूर करने के लिए मदद ले सकते हैं।

### खुफिया विभाग भी रखेगा नजर

यूपी बोर्ड परीक्षा में किसी तरह की नकल न हो सके या पेपर आउट न किया जा सके इसके लिए पुलिस के साथ ही खुफिया विभाग को भी अलर्ट मोड में रखा गया है। परीक्षा केंद्र के आस-पास संदिग्ध हालत में घूमता हुआ दिखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ करेगी।

### नहीं खुलेंगी फोटोस्टेट की दुकानें

जिले में बने 130 परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई भी फोटोस्टेट की दुकान नहीं खुलेगी। इसके लिए परीक्षा केंद्र के आसपास की दुकानदारों को पहले ही चेतावनी दे दी गई है। यदि कोई दुकान खुली पाई जाती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सीबीगंज के कैम्फर स्टेट में बीडीए का विशेष कैंप आज

**बरेली, अमृत विचार:** बीडीए वीसी डॉ. मनिकंडन.ए ने बताया कि सीबीगंज के कैम्फर स्टेट क्षेत्र में बुधवार सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष मानचित्र शमन (कम्पाउंडिंग) कैम्प आयोजित किया जाएगा।

कैम्प उन भवन स्वामियों की सुविधा के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिनके भवन का मानचित्र प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं कराया गया है या स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य किया गया है। बीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि भवन उपविधि-2025 के प्रावधानों के तहत निर्धारित सेट बैक और अन्य अनुमन्य छूट का लाभ प्राप्त कर भवन स्वामी अपने भवन का शमन करा सकते हैं। कैम्प में संबंधित अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. मनिकंडन ने सभी स्वामियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर शमन कराएं, जिससे वैधानिक कार्रवाई से बचा जा सके।

# चंडीगढ़- गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन का संचालन 26 फरवरी से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- होली पर यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे करेगा संचालन

**अमृत विचार:** होली पर रेलवे की तरफ से लगातार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की जा रही है। होली स्पेशल ट्रेनें बरेली से होकर गुजरने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। अब रेलवे की आरे से चंडीगढ़- गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा की है। इस ट्रेन का संचालन 26 फरवरी से किया जाएगा।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ने रेल प्रशासन द्वारा आगामी होली पर्व पर यात्रियों की मांग पर गाड़ी नंबर 04514/04513 चंडीगढ़-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन चंडीगढ़ से 26



फरवरी और 5 मार्च, गोरखपुर से 27 फरवरी और 6 मार्च को किया जाएगा। जिसमें गाड़ी नंबर 04514 चंडीगढ़ से 23.35 बजे चलकर दूसरे दिन अंबाला कैंट 00.25 बजे, सहारनपुर 02.05 बजे, मुरादाबाद 05.35 बजे, बरेली से 06.55 बजे, लखनऊ से 11.10 बजे, बाराबंकी से 12.20 बजे, गोंडा से 14.05 बजे तथा बस्ती से 15.30 बजे छूटकर गोरखपुर 17.35 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्री में 04513 गोरखपुर-चंडीगढ़ होली विशेष गाड़ी गोरखपुर से 22.05 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 23.04 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00.40 बजे, लखनऊ से 03.10 बजे, बरेली से 07.02 बजे, मुरादाबाद से 08.50 बजे, सहारनपुर से 12.07 बजे तथा अंबाला कैंट से 13.25 बजे छूटकर चंडीगढ़ 14.10 बजे पहुंचेगी।

# समर्थ पोर्टल से प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि 20 तक बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक और स्नातक की बाह्य प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा समर्थ पोर्टल के माध्यम से कराई जा रही है। विश्वविद्यालय ने परास्नातक के एमए, एमएससी और एमकॉम और स्नातक के बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएससी गृह विज्ञान और बीबीए रिटेल व हेल्थ केयर पाठ्यक्रम के विषम सेमेस्टर की बाह्य एवं आंतरिक परीक्षा को संपन्न कराने की तिथि को 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 20 फरवरी के बाद किसी भी दशा में किसी भी महाविद्यालय के अंक स्वीकार नहीं किए जाएगें। इसका उत्तरदायित्व स्वयं महाविद्यालय होगा।

# 10 विज्ञापन एजेंसियों से 1.28 करोड़ की होगी वसूली

अमृत विचार IMPACT

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 64 अवैध रूफटॉप की रिपोर्ट आने के बाद भी दस दिन बाद से मामला दबाए थे अफसर
- अमृत विचार की खबर का लिया संज्ञान, बकाया राशि जमा न करने पर दर्ज होगी प्राथमिकी

**अमृत विचार:** नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने वाली दस विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस जारी कर एक वर्ष का विज्ञापन शुल्क और जुर्माना वसूलने का आदेश दिया है। इससे करीब 1.28 करोड़ की वसूली होगी। बता दें कि शहर में 64 अवैध रूफटॉप की पहचान के बावजूद अधिकारी कार्रवाई में सुस्ती बरतते रहे। यह बात मंगलवार को अमृत विचार ने ''''''''64 अवैध रूफटाप चिह्नित, रिपोर्ट के 10 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं'''''''' शीर्षक से प्रमुखता से उठाई।

इसके बाद अधिकारियों की नींद टूटी और कार्रवाई शुरूकी गयी। देर शाम ही नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने वाली दस विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस जारी कर एक वर्ष का विज्ञापन शुल्क और जुर्माना वसूलने का आदेश दिया है। दरअसल, यूनिपोल और कैंटीलीवर का पैसा जमा नहीं करने वाली विज्ञापन एजेंसियों का मामला पिछले महीने सामने आने पर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने विज्ञापन एवं राजस्व प्रभारी राजीव कुमार राठी की अगुवाई में पांच सदस्यीय कमेटी



64 अवैध रूफटॉप चिह्नित, रिपोर्ट आने के बाद भी कार्रवाई नहीं

श्यामगंज पुल के बगल में लगा होर्डिंग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शहर की ऊंची इमारतों पर चमकते रूफटॉप विज्ञापन अब केवल ब्रांडिंग का माध्यम नहीं, बल्कि नगर निगम की कार्यशैली

- नगर निगम को हर महीने 18 से 20 लाख रुपये का नुकसान

नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से कोई भी यूनिपोल और रूफटॉप नहीं लगे, इसके लिए विज्ञापन प्रभारी राजीव

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

गठित कर जांच कराई थी।

कमेटी ने रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें 64 अवैध रूफटॉप का खुलासा हुआ था। इसमें कई के ढांचे नियमों को ताक पर रखकर खड़े मिले। 90 प्रतिशत से ज्यादा रूफटॉप तय मानकों से बड़े पाए गए। निगम ने पहले दो वर्ष का विज्ञापन शुल्क वसूलने, जुर्माना लगाने, अवैध संरचनाएं हटाने और संबंधित भवनों पर व्यावसायिक कर लगाने की बात कही थी, लेकिन रिपोर्ट के दस दिन बाद भी किसी तरह की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ाई।

हर महीने 18 से 20 लाख रुपये के अनुमानित नुकसान के बावजूद अफसरों की चुप्पी समझ से परे होने पर अमृत विचार के प्रमुखता से इसे प्रकाशित किया। विज्ञापन प्रभारी राजीव राठी ने बताया कि बकाया एजेंसियों में समान रूप से 1,72,131 रुपये तथा मीडिया आउटडोर पर 80,937 रुपये बकाया हैं। सभी एजेंसियों को तीन दिन के भीतर बकाया राशि जमा कराने और संबंधित फॉर्म प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। निर्धारित अवधि में फॉर्म न आने पर संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## नई पहल

जीएसटी विभाग ने लंबे समय से मिल रही शिकायतों और इनपुट के आधार पर तैयार किया खाका

# साइबर और फॉरेंसिक जांच से बेनकाब होंगे फर्जी मैन पावर सप्लायर

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

- डिजिटल ट्रांजैक्शन, मोबाइल लोकेशन और आईपी एड्रेस से होगी पड़ताल
- फर्जी कंपनियों के पीछे काम कर रहे असली संचालकों की होगी गिरफ्तारी

**अमृत विचार** : जिले में अवैध रूप से मैन पावर सप्लाई के मामलों को लेकर जीएसटी विभाग सख्त हो गया है। लंबे समय से मिल रहीं शिकायतों और इनपुट के आधार पर विभाग ने फर्जी बिलिंग और कागजी कंपनियों के जरिये टैक्स चोरी करने वाले मैन पावर सप्लायरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए खाका तैयार किया है।

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से न केवल राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि ईमानदार कारोबारियों को भी प्रतिस्पर्धा में नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस तरह के फर्मों पर जल्द ही विभाग एफआईआर भी कराएगा। जीएसटी अपर आयुक्त ग्रेड वन आशीष रंजन ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच में पाया गया कि कुछ मैन पावर सप्लायर बिना किसी वैध पंजीकरण और वास्तविक कर्मचारियों के नाम पर कंपनियां बनाकर उद्योगों और संस्थानों को श्रमिक उपलब्ध कराने का दावा कर रहे हैं। इसके बदले में ये सप्लायर फर्जी जीएसटी बिल जारी कर इनपुट टैक्स क्रेडिट का गलत लाभ उठा





रहे हैं। कई मामलों में कर्मचारियों का ईपीएफ और ईएसआई भी जमा नहीं किया जा रहा, जबकि कागजों में सब कुछ वैध दिखाया जा रहा है। जीएसटी विभाग ने ऐसे नेटवर्क को तोड़ने के लिए अब साइबर और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद ली है। डिजिटल ट्रांजैक्शन, बैंक खातों, मोबाइल लोकेशन, आईपी एड्रेस और जीएसटी पोर्टल पर की गई गतिविधियों का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। तकनीकी जांच से फर्जी कंपनियों के पीछे काम कर रहे असली संचालकों की पहचान की जा रही है, जिससे जल्द ही गिरफ्तारी संभव होगी।

### जीएसटी विभाग जोन भर में चलाएगा अभियान

जीएसटी अपर आयुक्त ग्रेड वन आशीष रंजन ने बताया कि कार्रवाई की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। आने वाले दिनों में पूरे जोन में विशेष अभियान चलाया जाएगा। संदिग्ध मैन पावर सप्लायरों के ठिकानों पर छापेमारी कर रिकॉर्ड जब्त करते हुए उनसे गहन पूछताछ भी की जाएगी। साथ ही जिन उद्योगों और कंपनियों ने जानबूझकर ऐसे फर्जी सप्लायरों से सेवाएं ली हैं, उन पर भी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने कारोबारियों को चेतावनी दी है कि वे केवल वैध और पंजीकृत मैन पावर एजेंसियों से ही सेवाएं लें।

### एक ही पते पर दिखा रहे दर्जनों कंपनियां

जांच में सामने आया है कि कई सप्लायर एक ही पते पर दर्जनों कंपनियां दिखाकर करोड़ों रुपये का लेनदेन कर रहे हैं। इन कंपनियों के निदेशक या प्रोप्राइटर या तो फर्जी हैं या फिर ऐसे लोग हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति और पृष्ठभूमि इस तरह के बड़े कारोबार से मेल नहीं खाती। फॉरेंसिक जांच में दस्तावेजों की हैंडराइटिंग, डिजिटल सिग्नेचर और बैंक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है, जिससे फर्जीवाड़ा करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दो अवैध कालोनियों पर चला बीडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिना मानचित्र स्वीकृति के 30 बीघा में बसाई जा रही थीं कालोनियां

**अमृत विचार:** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) का अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसना जारी है। मंगलवार को बीडीए की टीम ने बदायूं रोड पर 30 बीघा में बसाई जा रही दो कालोनियों को निशाना बनाया। यहां बिना स्वीकृति के प्लॉटिंग की जा रही थी और सड़क, नाली व बाउंड्रीवाल बन रही थीं। टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों साइटों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. ने बताया कि बदायूं रोड स्थित सुभाषनगर के ग्राम करेली में बबलू पटेल की ओर से 10 बीघा क्षेत्र में प्राधिकरण की स्वीकृति के बिना भूखंडों का चिन्हांकन, सड़क, नाली



अवैध कालोनी में खड़ी बाउंड्रीवाल ध्वस्त करता बुलडोजर।

और बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा था। वहीं दूसरी कॉलोनी अजय यादव की 20 बीघा क्षेत्र में विकसित की जा रही थी, जिसमें भी समान रूप से बिना अनुमति प्लॉटिंग, नालियां और बाउंड्रीवाल बन चुकी थीं।




# बरेली के डीएम-एसएसपी को अवमानना नोटिस

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

- **निजी परिसर में नमाज रोकने के आरोप में तारिक खान की याचिका पर सुनवाई**
- **हाईकोर्ट ने सख्त रुख दिखाते हुए जारी किया नोटिस, 11 मार्च को अगली सुनवाई**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली के जिला मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य को निजी घर में नमाज अदा करने से याची तारिक खान समेत कुछ लोगों को कथित रूप से रोकने के मामले में अवमानना नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने तारिक खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश पारित किया।


जिलाधिकारी अविनाश सिंह।


एसएसपी अनुराग आर्य।

कोर्ट ने अपने पूर्व निर्णय मरानाथा फुल गॉस्पेल मिनिस्ट्रीज बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और 2 अन्य का हवाला देते हुए दोहराया कि यदि धार्मिक प्रार्थना किसी व्यक्ति की अपनी संपत्ति के निजी परिसर में की जा रही हो, तो उसके लिए किसी प्रकार की अनुमति आवश्यक नहीं है। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षित मौलिक अधिकार है। उपरोक्त आदेश में राज्य ने भी स्वीकार किया था कि निजी परिसर में धार्मिक प्रार्थना पर कोई प्रतिबंध नहीं है। वर्तमान मामले में याची ने आरोप लगाया कि 16 जनवरी को उन्हें और अन्य लोगों को रेशमा खान के स्वामित्व वाले खाली मकान में "बिना अनुमति" नमाज पढ़ने के आरोप में हिरासत में लिया और सीआरपीसी की धारा 151 (बीएनएसएस की धारा 170) के तहत चालान किया गया।

याची ने 27 जनवरी के आदेश के बाद 28 जनवरी और 2 फरवरी को क्रमशः व्यक्तिगत रूप से और पंजीकृत डाक से डीएम और एसएसपी को अभ्यावेदन देकर रमजान के दौरान उसी निजी परिसर में नमाज अदा करने की अनुमति मांगी। याची के अधिवक्ता राजेश कुमार गौतम का कहना है कि स्पष्ट न्यायिक निर्देश के बावजूद अधिकारियों ने इन अभ्यावेदनों पर कोई निर्णय नहीं लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने राज्य के अधिवक्ता को निर्देश प्राप्त करने को कहा और 27 जनवरी के आदेश के कथित उल्लंघन पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया। मामले को शीर्ष दस वादों में शामिल करते हुए 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। तब तक याची के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने का भी आदेश दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में हुई थी इंस्पेक्टर की मृत्यु, 82.93 लाख का मुआवजा

**विधि संवाददाता, बरेली,अमृत विचार:** खाद्य एवं विपणन विभाग के इंस्पेक्टर (पीसीएस अधिकारी) कपिल देव की ड्यूटी पर जाते समय ट्रैक्टर चालक की तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मारने से मृत्यु हो गयी थी। सड़क दुर्घटना मुआवजा पाने के लिए मृतक के आश्रितों ने अपने अधिवक्ता पीके अग्रवाल, मिथलेश कुमार सिंह, शैलेन्द्र अग्रवाल के जरिए न्यायालय में विपक्षी बीमा कम्पनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी के विरुद्ध याचिका दायर की थी। जिसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 82,93,420 रुपये मृतक की थाना प्रेमनगर जाटवपुरा निवासी पत्नी शशिवाला को दिये जाने का आदेश बीमा कम्पनी को दिया है। साथ ही 7 प्रतिशत ब्याज भी याचिका दायर करने की तिथि से भुगतान की तिथि तक देने का आदेश दिया है।

## एसपी सिटी ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था परखी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** प्रदेश के कई न्यायलय परिसर में बम रखने की सूचना के बाद जिले में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। मंगलवार को एसपी सिटी ने न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ते के साथ बारीकी से जांच की। वहीं सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

एसपी सिटी मानुष पारिक और सीओ प्रथम आशुतोष शिवम एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर मंगलवार को न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का उच्च स्तरीय निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण दल में न्यायालय परिसर के आंतरिक एवं बाहरी परिधि का निरीक्षण किया गया, जिसमें डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता (बम डिस्पोजल स्क्वायड), पीएसी प्लाटून सहित अन्य सुरक्षा इकाइयों द्वारा सहयोग किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम, लगेज चेकिंग पॉइंट, हवालात, पार्किंग व्यवस्था को देखा गया। इसके अलावा न्यायालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा सतर्कता, संबंधी निर्देश दिए गए। एसपी सिटी ने नोडल न्यायालय सुरक्षा प्रभारी (न्यायाधीश) से समन्वय स्थापित कर कोर्ट परिसर की सुरक्षा के संबंध में विस्तृत वार्ता की।


डॉग स्क्वायड के साथ एसपी सिटी।

# चांद आज दिखा तो मस्जिदों में शुरू होगी तरावीह की नमाज

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **चांद का दीदार होते ही गुरुवार को रखा जाएगा पहला रोजा**
- **कारोबारियों की सहूलियत के लिए दो शिफ्टों में भी तरावीह**
- **मस्जिदों में तैयारियां मुकम्मल, दिन भर जारी रही साफ-सफाई**

**अमृत विचार :** रमजान का चांद अगर बुधवार को नजर आ गया तो शहर की सभी प्रमुख दरगाहों, खानकाहों व मस्जिदों में नमाज-ए-तरावीह शुरू हो जाएगी। वहीं, अगर आज चांद नजर नहीं आया तब फिर 19 फरवरी से नमाज-ए-तरावीह शुरू हो जाएगी। इसको लेकर सभी मस्जिदों में तैयारियां पूरी कर ली गयी है। नमाजियों की सहूलियत के हिसाब से अलग-अलग मस्जिदों में मुकम्मल कुरान के दिन तय कर दिए हैं। कारोबारियों की सहूलियत के लिए दो शिफ्टों में भी तरावीह का इंतजाम किया गया है।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुकम्मल कुरान का सिलसिला 6वें रमजान से 27वें रमजान तक चलेगा। शहर में सबसे पहले छठे रोजे पर पुराना शहर बालजती स्कूल के पास गुलड़ वाली मस्जिद और बड़े बाजार की खैरुल्ला गली मस्जिद में कुरान मुकम्मल होगा। 26 वें रोजे को दरगाह आला हजरत स्थित रजा मस्जिद, दरगाह शाहदाना वली व किला की शाही जामा मस्जिद जसोली की पीराशाह मस्जिद समेत अधिकांश मस्जिदों में मुकम्मल होगा। आजम नगर की जामुन वाली मस्जिद में दो शिफ्टों में तरावीह की नमाज अदा की जाएगी। पहला मुकम्मल 22 वें रमजान को होगा। वहीं दूसरी शिफ्ट रात 10 बजे शुरू होगी इसका मुकम्मल 14वें रोजे को होगा। खन्नू मोहल्ले की मस्जिद अबू बक्र में 8वें रोजे को मुकम्मल होगा।


रमजान के इस्तकबाल को सजे बाजार। सिंवई तौलता दुकानदार। ● अमृत विचार

### दरगाह से की गई चांद देखने की अपील

दरगाह आला हजरत और दरगाह ताजुश्शरिया से आज रमजान का चांद देखने की अपील की गई है। दरगाह से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने कहा कि विश्व में सुन्नियों का मरकज बरेली शरीफ है और यहां से चांद का एलान किया जाता है। फरमान मियां ने कहा कि चांद नजर आते ही मरकजी दारुल इफ्ता रूयते हिलाल कमेटी जमात रजा-ए-मुस्तफा के हेड ऑफिस पर तुरंत संपर्क करने की अपील की गई है। ताकि चांद का ऐलान समय पर किया जा सके। जिला प्रशासन से मांग की कि रमजान के दौरान जिलेभर में साफ-सफाई, बिजली और पानी की सप्लाई सुचारू रूप से जारी रहे, ताकि अवाम को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

## तैयार होने लगा रमजान का खास पकवान खजला

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

अमृत विचार : माह-ए-मुकद्दस रमजान से पहले ही बाजार भी तैयार हो गया है। बुधवार को अगर चांद दिखा तो गुरुवार से रमजान की शुरुआत होगी। रमजान से पहले मुस्लिम बाहुल्य इलाकों के बाजारों में सहरी और इफ्तार के लिए खजला और फेनी की दुकानें सजी दिखीं। रमजान से पहले शहर की बेकरियों पर खास किस्म की खोया ब्रेड की सबसे ज्यादा डिमांड है। कुतुबखाना के बेकरी संचालक अब्दुल रहमान ने बताया कि रोजा शुरू करने से पहले सहरी के वक्त अक्सर लोग खोया ब्रेड खाना पसंद करते हैं। इसके अलावा बिना खोए की ब्रेड भी बाजार में मौजूद हैं। दोनों ही ब्रेड 80 से 100 रुपये की कीमत में सभी बेकरियों पर बिक रही हैं। रमजान से पहले ही इसकी डिमांड लोगों में बढ़ गई है। साथ ही बनारस और इलाहाबाद की सेंवई ग्राहकों की मांग को देखते हुए स्टॉक में रखी है।


रोजेदारों के लिए खजले तैयार करता कारीगर। ● अमृत विचार

### रमजान से पहले चढ़ा फलों का बाजार

रमजान से पहले फलों का बाजार चढ़ गया है। श्यामगंज फलमंडी के दुकानदार मोहित पाल ने बताया कि फल के दाम 20 से 30 रुपये प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। खास तौर से खजूर रमजान की वजह से महंगी हुई है। 110 से 120 तक बिकने वाला खजूर का पैकेट 150 से 160 तक बिक रहा है। अजवा, कीमिया और बरबरी खजूर की मांग ज्यादा है। सेब और कीनू के दाम में भी इजाफा हुआ है। सेब अब तक 100 से 110 तक बिक रहा था अब 150 से 160 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

उन्होंने बताया कि चांद रात से बिक्री में और भी ज्यादा तेजी आने की उम्मीद है। सैलानी इलाके खजला फैनी तैयार कर रहे रजा साबरी ने बताया कि खजला और फेनी वह खुद तैयार करके बेच रहे हैं। सहरी में खजला और फेनी लोग खाना पसंद करते हैं, इसके बिना सहरी की लज्जत अधूरी है।




## विधिक जागरूकता शिविर 22 को

**विधि संवाददाता, बरेली**

- **राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित होगा शिविर**
- **नि :शुल्क विधिक सहायता सरकारी योजनाओं की जानकारी और परामर्श मिलेगा**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 22 फरवरी को जीआईसी ऑडिटोरियम में कमजोर एवं वंचित वर्गों के लिए विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

अपर जिला जज/नोडल अधिकारी मेगा शिविर उमा शंकर कहार ने मंगलवार को बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की विधिक एवं जनहितकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सीय सेवाओं सहित लगभग 40 स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी और ऑन-द-स्पॉट सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जया प्रियदर्शिनी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी।


मेगा शिविर के बारे में बताते न्यायिक अधिकारी उमाशंकर कहार, जया प्रियदर्शिनी।

आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राधिकरण सचिव द्वारा बताया गया कि मेगा शिविर के सफल संचालन को पराविधिक स्वयंसेवकों को लगाया गया है, जो शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर विधिक जागरूकता मेगा शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार पोस्टर एवं पम्फलेट के माध्यम से कर रहे हैं।

## नीचे अस्पताल, ऊपर चल रहा देह व्यापार का अड्डा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** पीलीभीत रोड पर निजी हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल पर कथित स्पा सेंटर में देह व्यापार चल रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेकेंड फ्लोर पर बने इस स्पा सेंटर में संदिग्ध युवकों और युवतियों की आवाजाही बढ़ गई। देर रात तक आना-जाना और बंद कमरों में गतिविधियां आसपास के लोगों को खटकने लगीं। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अचानक हुई कार्रवाई से अंदर मौजूद लोगों में भगदड़ जैसे हालात बने। पुलिस ने स्पा सेंटर का ऑफिस तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया और मौजूद लोगों से पूछताछ की। बताते हैं कि कुछ लोग पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग निकले। बारादरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्पा सेंटरों की आड़ में चल रहे देह व्यापार अड्डों पर रोक की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** स्पा सेंटरों की आड़ में संचालित अवैध देह व्यापार की शिकायत को लेकर युवा हिंदू जागरण मंच ने मंगलवार को एसएसपी से इस पर रोक लगाने की मांग की है।

युवा हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष हिमांशु पटेल ने मंगलवार को एसएसपी अनुराग आर्य से की गई शिकायत में कहा है कि शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्पा सेंटर, मसाज पार्लर एवं वेलनेस सेंटर की आड़ में संगठित रूप से देह व्यापार का संचालन खुलेआम किया जा रहा है। उन्होंने विशेष टीम गठित कर शहर के सभी थाना क्षेत्रों में संचालित स्पा सेंटरों की व्यापक एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## निजी अस्पताल में युवती के साथ छेड़खानी

**बरेली,अमृत विचार:** निजी अस्पताल में मरीज की देखभाल के लिए आई युवती के साथ अस्पताल के सुरक्षाकर्मी ने सोमवार की रात मौका पाकर छेड़छाड़ कर दी। युवती की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र निवासी एक युवतीने बताया कि वह अपने परिजनों के साथ महाजन अस्पताल में भर्ती मरीज की देखभाल के लिए आई थी। वह आईसीयू के सामने हाल में परिवार के साथ सो रही थी। रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच उसे महसूस हुआ कि कोई उसके साथ अश्लील हरकत कर रहा है। जैसे ही युवती की आंख खुली, सामने का नजारा देख उसके होश उड़ गए। आरोप है कि अस्पताल का सुरक्षा गार्ड अमर उसके बेहद करीब बैठा था और उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था।

# पति ने प्रेमिका संग मिलकर घर से चुराये जेवर और नगदी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **सोने की चार अंगूठी, कानों के झाले समेत 13000 रुपये चुराने का आरोप**
- **महिला ने दर्ज करायी एफआईआर**
- **दूसरे समुदाय की महिला से है प्रेम प्रसंग, पहले भी हो चुकी है रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** बच्चों के साथ बाजार गई महिला के मकान से जेवर और नगदी चोरी हो गई। महिला ने अपने पति और उसकी प्रेमिका पर चोरी का आरोप लगाते हुए सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के पुरबा वव्वन खां निवासी एक महिला ने बताया कि उसका विवाह 22 साल पहले सुभाषनगर के ही रहने वाले मोनू के साथ हुआ था। उसके दो बच्चे नितिन और अनमोल हैं। महिला का आरोप है कि उसके पति का पड़ोस की रहने वाली दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम प्रसंग है।

युवती के पिता ने उसके पति के खिलाफ सुभाषनगर थाने में 2020 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन उसके पति ने समझौता करके रिपोर्ट खत्म करा दी।

महिला का आरोप है कि पति का प्रेम प्रसंग आज भी चल रहा है। महिला ने बताया कि 31 जनवरी 2026 को वह अपने बच्चों के साथ बाजार गई हुई थी। आरोप है कि इसी बीच उसका पति और प्रेमिका ने घर में घुसकर लॉकर खोलकर सोने की चार अंगूठी, दो कानों के झाले, मंगलसूत्र और 13 हजार रुपये चोरी कर लिए।

उसने वापस घर पर आकर देखा तो लॉकर में रखे जेवर और नगदी गायब थी। महिला ने बताया कि उसने जब इसकी शिकायत पति की प्रेमिका के परिजनों से की तो उसके साथ गाली-गलौज करके जान से मारने की धमकी दी गई। महिला की तहरीर पर सुभाषनगर पुलिस ने पति, उसकी प्रेमिका और एक अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है।




### बिना तलाक के दूसरी शादी का आरोप

महिला का आरोप है कि उसके पति ने अपनी प्रेमिका से कोर्ट मैरिज कर ली है। जिससे वह और उसके बच्चे भुखमरी की कगार पर आ गए हैं। महिला ने बताया कि पति ने उसे तलाक भी नहीं दिया है। महिला ने एसएसपी से शिकायत करके मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## गर्भवती गाय को मारा भाला, मौत

- **पुलिस से शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी**

**बरेली, अमृत विचार:** गांव के एक दबंग युवक ने गर्भवती गाय को भाला मारकर घायल कर दिया। गाय की उपचार के दौरान मौत हो गई। इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अडुपुरा निवासी लक्ष्मण यादव ने बताया कि 4 फरवरी को गांव के ही राजपाल ने आवारा गाय पर भाला से हमला कर दिया था। जब उसे उसकी जानकारी हुई तो उसने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी।

10 फरवरी को घायल गाय की उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि गाय के पेट में छह माह का बच्चा भी था। पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इज्जतनगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी राजपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### पुण्यतिथि पर जननायक कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार** : भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को सैलून एसोसिएशन की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैलून एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के संघर्षमय जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर चर्चा की।इस अवसर पर प्रदेश महासचिव तेज बहादुर नंदवंशी, जिला अध्यक्ष विक्की श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष लियाकत सलमानी, उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पुनीत श्रीवास्तव, महामंत्री रणधीर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### ऐश वेडनेसडे को गिरजाघरों में विशेष अराधना

**बरेली, अमृत विचार** : यीशु मसीह की सेवकाई प्रारंभ होने के साथ बुधवार को शहर के सभी गिरजाघरों में विशेष आराधना की जाएगी। क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च की इवैंजेलिकल कमेटी घर-घर जाकर प्रार्थनाएं करेंगी। रविवार को गिरजाघरों में निर्धारित समय पर प्रार्थना की जाएगी। इसके लिए कमेटी पादरी सुनील मसीह के निर्देशन और चेयरपर्सन सुनीता जोसफ के नेतृत्व में कार्य करेंगी।

### चुनौती मूल्यांकन के दूसरे चरण के आवेदन 20 फरवरी से

**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने मुख्य परीक्षा के मूल्यांकन को चुनौती देने के लिए दूसरे चरण की तिथि की घोषणा कर दी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर मूल्यांकन के लिए आवेदन प्रारंभ होने की तिथि 20 फरवरी होगी। वहीं, आवेदन एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी निर्धारित की गई है। चुनौती मूल्यांकन के दूसरे चरण के लिए प्रति प्रश्नपत्र 2500 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है।

# एसआईआर : बरेली में रहकर पढ़े कई प्रदेशों के लोग, अंकपत्रों की कराई जा रही जांच

## दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और एमपी से जांच के लिए बरेली पहुंच रहीं हाईस्कूल की मार्कशीट और सह प्रमाणपत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार** : विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान वोट बनवाने के लिए उन महिला-पुरुषों को दिक्कतें हो रहीं हैं, जिन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दूसरे राज्य के विभिन्न जनपदों के स्कूलों से उत्तीर्ण की है। 30 से लेकर 50 साल की उम्र में वोट बनवाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने जन्मतिथि के लिए मार्कशीट की कॉपी लगाई है। अब उनकी मार्कशीट की संबंधित स्कूलों और संबंधित बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय से जांच करायी जा रही है। यह देखा जा रहा है कि कहीं कोई गड़बड़ या फर्जीवाड़ा तो नहीं किया गया। ऐसे लोग बड़ी संख्या में हैं, जिन्होंने बरेली के कई स्कूलों से पढ़ाई की है, लेकिन मूलतः रहने वाले विभिन्न प्रदेशों के हैं।

परिवार के साथ बरेली में रहने के दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट पास किया, लेकिन अब अपने मूल पते पर निवास कर रहे हैं। डीएम के निर्देश पर डीआईओएस ने बरेली में पांच स्कूलों में अंकपत्रों की जांच करायी है। दरअसल, जिलाधिकारी अविनाश सिंह की ओर से 11 फरवरी को डीआईओएस को पत्र लिखा गया। उसी पत्र के अनुपालन में डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने शहर के महावीर प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज, श्री गुरुनानक रिक्खी सिंह कन्या इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज और फतेहगंज पश्चिमी के एसटीके हायर सेकेंड्री स्कूल के प्रधानाचार्य को पत्र लिखा।

उस पत्र के साथ इन स्कूलों के प्रधानाचार्यों को अंक पत्र और सह प्रमाणपत्र की सूची सत्यापन के लिए भेजी। सभी को निर्देश दिए कि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। ये कार्य करने वाले अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए अंकपत्र व सह प्रमाणपत्रों का सत्यापन एवं संबंधितों की जन्मतिथि का भी सत्यापन किया जाना है। इसके बाद प्रधानाचार्यों ने अपने स्कूलों में अंकपत्रों की जांच करायी। इसके साथ अंकपत्रों की जांच माध्यमिक शिक्षा परिषद के बरेली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से भी करायी गयी। इधर, डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि कुछ स्कूलों से संबंधित अंकपत्र जांच के लिए आए थे, जांच कराकर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गयी है।

### बरेली जिला निर्वाचन कार्यालय से भी जांच के लिए दिल्ली और मध्यप्रदेश भेजी गईं मार्कशीट

जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर के दौरान बरेली से भी अंकपत्र और सह प्रमाणपत्र जांच कराने के लिए अन्य प्रदेशों में भेजे जा रहे हैं, ज्यादातर लोग हाईस्कूल और इंटरमीडिएट अंक पत्र को अपनी जन्मतिथि बताने के लिए वोट बनवाने के दौरान लगा रहे हैं, इसलिए अंकपत्रों की जांच हो रही है।

- वोट बनवाने को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल हाईस्कूल की मार्कशीट की कराई जा रही जांच
- डीएम के निर्देश पर डीआईओएस ने पांच स्कूलों से मार्कशीट और सह प्रमाणपत्र की कराई जांच

# जिले में अब तक 223050 लोगों ने भरे फार्म-6

**बरेली, अमृत विचार**: एसआईआर के दूसरे चरण में जिलेभर में 16 फरवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए सभी तहसीलों में 223050 फार्म-6 भरे गए हैं।

मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भरकर 3085 लोगों ने आपत्तियां दर्ज करायी हैं, जबकि मतदाता सूची में दर्ज नाम में संशोधन कराने के लिए 57304 लोगों ने फार्म-8 भरा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अभी डिस्पोजल के लिए 180795 फार्म-6, 2796 फार्म-7 और 45267 फार्म-8 लंबित हैं। 42255 फार्म-6 और 289 फार्म-7 और 12037 फार्म-8 डिस्पोज्ड हो चुके हैं।

**भरे गए फार्म का ब्योरा**

| विधानसभा | फार्म-6 | फार्म-7 | फार्म-8 |
|---|---|---|---|
| बहेड़ी | 21724 | 341 | 6868 |
| मीरगंज | 16125 | 571 | 4563 |
| भोजीपुरा | 27878 | 494 | 5334 |
| नवाबगंज | 17219 | 280 | 5566 |
| फरीदपुर | 26566 | 136 | 3633 |
| बिथरी | 25654 | 332 | 5268 |
| बरेली शहर | 39282 | 359 | 13571 |
| बरेली कैंट | 31014 | 333 | 9474 |
| आंवला | 17588 | 239 | 3027 |
| कुल | 223050 | 3085 | 57304 |

### 357270 नोटिस रिसीव कराए

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार 579098 लोग नो मैपिंग में शामिल हैं। 578877 नोटिस जारी हुए हैं। 218 नोटिस जनरेट नहीं हुए हैं। 357270 नोटिस रिसीव कराए जा चुके हैं। 221607 नोटिस अभी रिसीव नहीं हुए हैं।

# मंडी परिसर में गंदगी का अंबार, नहीं हो रही सफाई, आढ़ती और ग्राहक परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : मंडी परिसर में जहां-तहां कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे मंडी पहुंचने वाले किसानों समेत ग्राहकों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आढ़तियों का कहना है कि कई बार शिकायत की गई, मगर कोई सुध लेने वाला नहीं है। मंडी प्रशासन के जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी के आढ़ती से लेकर आम आदमी सभी परेशान हैं।

मंडी में रोजाना हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। सुबह चार बजे से ही मंडी में लोगों का आवागमन शुरू हो जाता है। बड़ी संख्या में किसान अपने उत्पाद को लेकर यहां पर पहुंचते हैं।

वहीं खरीदार भी बहुतायत में पहुंचकर सौदे करते हैं। ऐसे में किसान मंडी में गंदगी के पर घास डालकर उसके ऊपर बोरी बिछाकर बैठने को मजबूर हैं। पूरी मंडी में अव्यवस्था का यह आलम हैं कि लोगों के कपड़े तक खराब हो जा रहे हैं। मंडी में सब्जियां लेने पहुंचे युवराज सिंह ने बताया कि करोड़ों का कारोबार देने वाली इस मंडी के हालात बेहद खराब हैं। पूरी व्यवस्था पटरी से उतरी हुई हैं लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।


डेलापीर मंडी में यहां-वहां फैला कचरा। ● अमृत विचार

- जहां-तहां कूड़े का ढेर, लोगों को हो रही दिक्कतें

# आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार**: डीएम अविनाश सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। शहरी नियमित टीकाकरण एवं समस्त कार्यक्रमों के लिए सिटी टास्क फोर्स समिति को निर्देश दिए।

डीएम ने कहा- भले ही पिछले एक महीने में हमने प्रथम स्थान हासिल किया हो लेकिन ओवरआल आयुष्मान कार्ड बनाने में हमारा जिला प्रदेश में 24 वें स्थान पर है। सीएमओ को निर्देश दिये कि जिन सीएचसी तथा पीएचसी पर कम कार्ड बन रहे हैं। जो लोग काम में लापरवाही कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। पंचायत सहायकों की भी सहायता लें, जिससे अधिक से अधिक मात्रा में आयुष्मान कार्ड बन सकें।

# मां भवानी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में अन्नाधिवास दिवस का पूजन संपन्न

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : नाथनगरी के प्रमुख बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर परिसर में नव निर्मित मां भवानी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को वैदिक विधि-विधान से अन्नाधिवास दिवस पूजन सम्पन्न हुआ।

मंदिर के मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि अन्नाधिवास की परंपरा के तहत मां भवानी के विग्रह को एक दिन के लिए चावल में विराजित किया गया। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार मूर्ति में दिव्य ऊर्जा जागृत करने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नित्य श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ, पूजन एवं भजन-कीर्तन किया जा रहा है। पूजन उपरांत आरती हुई फिर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 20 फरवरी तक सुबह साढ़े 8 बजे से साढ़े 11 बजे तथा शाम के समय 6 बजे से 9 बजे तक आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम के आयोजन में मंदिर सेवा समिति के प्रताप चंद्र सेठ, संजीव औतार अग्रवाल, नवीन गोयल सहयोग रहा।


मां भवानी मंदिर में अन्नाधिवास पूजन में सम्मिलित भक्त। ● अमृत विचार

- बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में 20 फरवरी तक आयोजित होगा मां भवानी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

# विस घेराव में शामिल हुए जिले भर के कांग्रेसी


विधानसभा घेराव में शामिल कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार**: लखनऊ में आयोजित विधानसभा घेराव आंदोलन में शहर से महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने बताया कि रोकने के बावजूद कांग्रेसी कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देकर लखनऊ पहुंचने में सफल रहे। विधानसभा घेराव के दौरान लगभग दो घंटे तक जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की। पुलिस सभी कांग्रेसियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन ले गई। विधानसभा घेराव आंदोलन में मुख्य रूप से उल्फत सिंह कठेरिया, दिनेश कुमार वाल्मीकि, विनोद कुमार, ओम प्रकाश, जितेंद्र सिंह, रविंद्र प्रसाद, सतीश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर इको गार्डन ले जाया गया।

# स्टेट जूनियर हॉकी के लिए मंडल टीम का चयन

**बरेली, अमृत विचार** : खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 फरवरी को गोरखपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए बरेली मंडल की टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से किया गया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को मंडल स्तरीय ट्रायल आयोजित किए गए। टीम में बरेली की गुंजन, रागिनी, सोनाली, समीक्षा, बदायूं की बीना, सारिका, साहिबा, रिया, शाहजहांपुर की नेहा, बर्षा, सिद्धी, सिमरन, संजीवनी, पीलीभीत की सईमा, प्रगति वर्मा, रुचि का का चयन किया गया। टीम में अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शाहजहांपुर की गीत, बदायूं की नगीना और खुशी को चुना गया। ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन हॉकी कोच शिल्पा सिंह ने किया।

# खसरा-रुबेला टीकाकरण अभियान की हुई शुरुआत


शिशु मंदिर में टीकाकरण करते स्वास्थ्य कर्मी और रोटेरियन। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : रोटरी मंडल और स्वास्थ्य विभाग की ओर से खसरा एवं रुबेला टीकाकरण अभियान का आरंभ किया गया। मंगलवार को टीकाकरण कंठीराम सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। टीकाकरण का शुभारंभ रोटरी के मंडल अध्यक्ष सीए राजेन विद्यार्थी और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने किया। टीकाकरण के मौके पर विद्यालय के पांच वर्ष के छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। विद्यालय के व्यवस्थापक एवं रोटरी के टीकाकरण अभियान के प्रभारी ज्ञानेंद्र गुप्ता ने कहा कि नगर के सभी रोटरी क्लब इस अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। टीकाकरण अभियान 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

- रोटरी के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग ने किया वैक्सीनेशन

# भिक्षावृत्ति करने वालों के उत्थान की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार**: शहर के कई चौराहों पर बड़ी संख्या में महिला, बच्चे और बुजुर्ग भिक्षावृत्ति करते नजर आते हैं। समाज से भिक्षावृत्ति का दंश समाप्त करने के लिए शासन प्रशासन के स्तर से भी प्रयास किए जा रहे हैं। संभल में कार्य कर रहे एनजीओ उम्मीद की पदाधिकारी ने डीएम से भिक्षावृत्ति करने वालों के उत्थान के लिए स्माइल योजना में जिले को शामिल कराने की मांग की। एनजीओ की पहल पर डीएम अविनाश सिंह ने सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग के सचिव को पत्राचार किया है। कहा है कि भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों के सशक्तिकरण एवं पुनर्वास के लिए जनपद को सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की योजना स्माइल के सहयोग एवं मार्गदर्शन की आवश्यकता है। डीएम ने स्माइल योजना में बरेली को शामिल करने की पैरवी की है।

# ब्लैक स्पॉट्स की पहचान 52 वाहनों के हुए चालान


वाहनों की चेकिंग करती परिवहन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : बरेली-नैनीताल मार्ग पर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।इसके तहत मार्ग के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाए गए, नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। रांग साइड, अवैध पार्किंग और अन्य गंभीर यातायात उल्लंघनों को मिलाकर कुल 52 चालान किये गये। अभियान के तहत संभावित ब्लैक स्पॉट्स की पहचान की गई, ताकि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकें।

इस संयुक्त कार्रवाई में एआरटीओ प्रवर्तन वैभव सोती, उपसा के स्वतंत्र अभियंता संदीप यादव, बरेली नैनीताल हाईवे प्राइवेट लिमिटेड के पीडी मंगेश और ट्रैफिक पुलिस की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

- नैनीताल मार्ग पर परिवहन विभाग ने चलाया संयुक्त अभियान

**कार्यप्रणाली** — नगर निगम की कार्य प्रणाली को लेकर व्यपारियों और होटल व्यवसायियों में पनप रहा आक्रोश

# 700 से 12 हजार किया दुकानों का किराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: नगर निगम की नई किराया नीति के खिलाफ मंगलवार को सैकड़ों दुकानदारों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। पार्षद राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारी नगर निगम पहुंचे और मेयर डॉ. उमेश गौतम व नगर आयुक्त संजीव मौर्य के समक्ष जोरदार विरोध दर्ज कराया। आरोप लगाया कि अफसरशाही ने मनमाने ढंग से किराया बढ़ाकर उन्हें आर्थिक संकट में धकेल दिया है।

700 प्रति माह की दुकान का किराया सीधे 12 हजार कर देने, उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी, पानी व सीवर कर जोड़ना सीधे तौर पर आर्थिक उत्पीड़न करना है। इतनी भारी बढ़ोतरी किसी भी मानक पर न्यायसंगत नहीं है।

शहर में एलन क्लब मार्केट, रोडवेज, इस्लामिया, किला, सुभाषनगर समेत अन्य निगम के बाजार हैं। यहां करीब 1400 दुकानें हैं। राजेश अग्रवाल ने कहा कि सभापति की ओर से गठित कमेटी ने किराया कम करने की सिफारिश की थी, लेकिन आज तक उसका कार्यवृत्त जारी नहीं हुआ। उल्टा नामांतरण नीति में भी भारी प्रीमियम तय कर दिया गया है, जबकि आवंटन के समय एक बार प्रीमियम पहले ही जमा कराया जा चुका है। सवाल उठाया गया कि नई आवंटित दुकानों का किराया 25 प्रतिशत कम और वर्षों से किराया दे रहे पुराने किरायेदारों पर 25 प्रतिशत अधिक बोझ क्यों डाला गया।

दुकानदारों ने किराये की तुलना करते हुए कहा कि पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर में समान आकार की दुकान का किराया करीब दो हजार रुपये मासिक है, जबकि बरेली में वही 12 हजार रुपये तक पहुंचा दिया गया है। मेयर और नगर आयुक्त ने जल्द किराया कम करने का आश्वासन दिया है, जिसके बाद सभी लौट गए। दुकानदारों ने साफ कहा कि तत्काल प्रभाव से नियम विरुद्ध किराये की बढ़ोत्तरी वापस लेकर निगम बोर्ड में फिर प्रस्ताव लाकर चर्चा करें ताकि, दुकानदारों का आर्थिक उत्पीड़न न हो। दिनेश आरोरा, विनोद अग्रवाल, रजत अरोरा, रमेश कुमार, बॉबी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


नगर निगम में पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में पहुंचे दुकानदार। ● अमृत विचार

- नई किराया नीति के विरोध में मेयर और नगर आयुक्त से मिले दुकानदारों ने लगाए गंभीर आरोप
- पार्षद राजेश बोले-कमेटी की सिफारिश ठंडे बस्ते में, बोर्ड बैठक में फिर से चर्चा की उठाई मांग

# होटल व्यवसायी भी हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: होटल वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नगर निगम की कर प्रणाली के खिलाफ नगर आयुक्त संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने बताया कि बरेली का होटल उद्योग आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है। शहर में पर्यटन गतिविधियां लगभग ठप हैं। पांच से सात गुना बढ़े हुए करों के दबाव में होटल संचालक नगर निगम के सामने घुटने टेकने को मजबूर हैं। गोपेश अग्रवाल ने कहा कि यह कर प्रणाली पूरी तरह से असंगत है और होटल व्यवसाय को गहरे संकट में डाल रही है। सतवंत सिंह ने आरोप लगाया कि कई होटलों में नगर निगम का पानी उपयोग में नहीं आता, बावजूद इसके उनसे वाटर टैक्स वसूला जा रहा है। डॉ. अनुराग सक्सेना ने बताया कि एसोसिएशन ने शासन और मुख्यमंत्री को भी संकट से अवगत कराने के प्रयास किए हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। नगर निगम से मांग की कि बरेली के किसी भी होटल या बारात घर के साथ टैक्स के नाम पर उत्पीड़न न किया जाए और तत्काल राहत पैकेज की घोषणा की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में सतवंत सिंह चड्ढा, श्वेतांक अस्थाना, सतीश अग्रवाल, अभिषक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते होटल वेलफेयर एसो. के पदाधिकारी।

- होटल वेलफेयर एसोसिएशन ने वाटर टैक्स और अतिरिक्त कर वसूली को बताया उत्पीड़न
- एसोसिएशन अध्यक्ष बोले-कई होटल पहले ही बंद, अनेक बंद होने की कगार पर

# खाली प्लॉट पर कूड़ा डालना पड़ेगा महंगा

**बरेली, अमृत विचार**: शहर के विभिन्न वार्डों में अब खाली पड़े प्लॉटों की कड़ी निगरानी की जाएगी। लंबे समय से इन प्लॉटों में कूड़ा फेंकने की शिकायतों के मद्देनजर नगर निगम ने नई व्यवस्था लागू की है।

अधिकारियों के मुताबिक विशेष रूप से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ भी कई शिकायतें सामने आई हैं। कुछ ई-रिक्शा चालक गली-मोहल्लों से कूड़ा उठाने के बाद मौके का फायदा उठाकर खाली पड़े प्लॉटों में फेंक देते हैं। पर्यावरण अभियंता राजीव राठी ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के बीच अब खाली प्लॉटों पर भी सख्त निगरानी रहेगी। कूड़ा डालने वाले चाहे मोहल्ले के लोग हों या ई-रिक्शा चालक, किसी को भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हनुमान मंदिर पर कराया भंडारा


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**बरेली, अमृत विचार :** सृजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मंगलवार को परसाखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया। अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया कि सोसाइटी आमजन और जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण कैंप का आयोजन लगातार कर रही है। रामगंगा स्थित विवेकानंद कुष्ठ आश्रम में राशन आदि जरूरी सामान भी वितरित किया। उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, संरक्षक राजीव सक्सेना, अमित गौड़, दीपक शर्मा, दिलीप पाठक, सौम्या स्वामी, सोनाक्षी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सिलेबस से आया था पेपर, थोड़ा समय रह गया कम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सीबीएसई परीक्षा के पहले दिन मंगलवार को गणित का पेपर था। अधिकांश छात्रों और शिक्षकों का मानना है कि प्रश्न पत्र काफी सीधा और संतुलित आया था। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों के चेहरों की मुस्कुराहट बता रही थी पेपर उनकी तैयारी के मुताबिक ही आया था।

सीबीएसई की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हुई हैं। पहला पेपर पहली पाली में गणित का था। पेपर देकर परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले छात्र-छात्राओं ने बताया कि पेपर आसान था। सिलेबस से ही सारे सवाल आए थे। वहीं कुछ छात्रों का कहना था कि पेपर तो अच्छा था, लेकिन थोड़ा समय और मिल जाता तो पेपर को पूरा हल किया जा सकता था। शिक्षकों ने भी स्वीकार किया कि मैथ का पेपर सरल था। जिन छात्रों ने सिलेबस का सही से अध्ययन किया होगा उन्होंने पूरा पेपर आसानी से हल किया होगा। शिक्षकों का दावा है ऐसे पेपर को सही से हल करने पर पूरे नंबर मिलते हैं और अच्छी मेरिट बन सकती है।


परीक्षा देकर स्कूल से बाहर निकलते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्रा बोली

**सरल था पेपर**
10वीं की छात्रा तनिष्का ने बताया कि मैथ का पेपर बहुत ही सरल था। सिलेबस में से ही सारे सवाल पूछे गए थे। इनका उन्होंने सही से जवाब दिया।

**स्टूडेंट फ्रेंडली था पेपर**
रोहित गंगवार ने बताया कि गणित का पेपर स्टूडेंट फ्रेंडली था। उनका कहना था की लगा ही नहीं की वह बोर्ड परीक्षा का पेपर हल कर रहे हैं।

**आउट ऑफ सिलेबस नहीं थे प्रश्न**
छात्र भक्ति का कहना है कि पेपर अच्छा आया था सिलेबस में से सारे सवाल पूछे गए थे। कोई भी सवाल आउट ऑफ सिलेबस नहीं था।

### अंग्रेजी की चमक से कोसों दूर पिछड़ गई संस्कृत

**बरेली, अमृत विचार :** चमक-दमक और फर्राटे वाली अंग्रेजी भाषा ने संस्कृत को कोसों दूर पछाड़ दिया है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली, जिसमें अंग्रेजी और अन्य व्यावसायिक भाषाओं को प्राथमिकता दी जाती है। वहीं, संस्कृत केवल पुस्तकों और श्लोकों तक ही सीमित रह गई है। स्कूलों में यह विषय अनिवार्य न होने के कारण छात्र-छात्राएं इससे दूरी बना रहे हैं। यूपी बोर्ड की परीक्षा में जहां 92000 छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। वहीं, संस्कृत में दसवीं, 11वीं और 12वीं में मिलाकर बरेली जिले में सिर्फ 126 छात्र संस्कृत की पढ़ाई कर रहे हैं। इसमें 11वीं (पूर्व मध्यमा) में 72, 11वीं (उत्तर मध्यमा) में 29 और 12वीं (उत्तर मध्यमा द्वितीय) में 22 परीक्षार्थी ही शामिल हो रहे है। बरेली से अधिक संस्कृत के छात्रों की संख्या मंडल के अन्य जिलों में है। इनमें बदायूं में 184, पीलीभीत में 343 और शाहजहांपुर में 587 संस्कृत पढ़ने वाले छात्र हैं। बरेली में इन परीक्षार्थियों के लिए एक सेंटर है। जबकि बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में दो इनके लिए दो परीक्षा सेंटर है। वहीं, पूरे प्रदेश में पूर्व मध्यमा के 21951, उत्तर मध्यमा के 20175 और उत्तर मध्यमा द्वितीय के 14195 छात्र है। पूरे प्रदेश में दसवीं, 11वीं और 12वीं के कुल छात्र-छात्राओं की संख्या 56352 है।

"हमारा बरेली में एक ही परीक्षा केंद्र है जो की विशप मंडल कॉलेज में है। संस्कृत की पढ़ाई करने वाले बहुत ही कम छात्र है। मंडल में बरेली में सबसे कम छात्र संस्कृत की पढ़ाई कर रहे हैं।
**जसवंत सिंह**, जिला इंस्पेक्टर संस्कृत

# अपशिष्ट निस्तारण को लगेगा एसटीपी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने उद्योग बंधु समिति की बैठक में यूपीसीडा के आरएम को दिए एसटीपी स्थापित करने के निर्देश**

**अमृत विचारः** कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने मंगलवार दोपहर आयुक्त सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक की। इकाइयों से निकल रहे अपशिष्ट पदार्थों का निस्तारण न होने, औद्योगिक इकाइयों के वाहनों के लिए पार्किंग समस्या, परसाखेड़ा और सीबीगंज को पर्याप्त बिजली देने आदि मामले जोरशोर से उठाए। बिजली समस्या पर उद्यमी ज्यादा मुखर रहे। कहा कि बिजली पूरी न मिलने से नुकसान उठाना पड़ रहा है।

परसाखेड़ा के उद्यमियों नेट्रक ले बाई न मिलने से औद्योगिक इकाइयों के वाहनों की पार्किंग की दिक्कत का मामला उठाया। साथ ही उद्यमियों ने अपशिष्ट पदार्थों का निष्पादन न होने का मामला उठाते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में लगभग 300 इकाइयां कार्यरत हैं लेकिन औद्योगिक आस्थान में एसटीपी स्थापित नहीं है, जिससे इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों का निष्पादन सही प्रकार से नहीं हो रहा है। इस पर कमिश्नर ने निर्देश दिये गये कि आरएम यूपीसीडा तत्काल एसटीपी स्थापित करने की कार्यवाही करें। बैठक में सचिव बीडीए वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता विद्युत ज्ञान प्रकाश, संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, उपनिदेशक पर्यटन रविन्द्र कुमार, आरओ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चंद्रेश कुमार, उद्यमियों में राजेश गुप्ता, आरके सुंदरानी आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# छात्रों-शिक्षकों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति किया जागरूक

## रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी में नवाचार के व्यवसायीकरण की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में हुई ऑनलाइन बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यशाला**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के अंतर्गत बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला हुई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों में बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।


बीआईयू में हुई ऑनलाइन बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यशाला में उपस्थित लोग।

कार्यशाला में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान (भारत सरकार) में सहायक नियंत्रक, पेटेंट एवं डिजाइन के पद पर कार्यरत डॉ. भारत एन. सूर्यवंशी रहे।

सूर्यवंशी ने पेटेंट एवं डिजाइन फाइलिंग की संपूर्ण प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, पूर्व कला की जांच, ड्राफ्टिंग की तकनीक, डिजाइन रजिस्ट्रेशन तथा नवाचार के व्यवसायीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा सत्र के दौरान पूछे गए सभी प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सुशील कुमार ठाकुर, शोध अधिष्ठाता डॉ. मधुसूदन आस्टेकर, फार्मेसी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पुष्पेंद्र कन्नोजिया, रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. पंकज मिश्रा, आईक्यूएसी सेल के प्रमुख सरनाम सिंह उपस्थित रहे।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकारों पर इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक एवं शोधोन्मुख कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अल्का यादव ने किया। संचालन मेघा यादव एवं दिव्यांशी शर्मा ने किया।

## वृहद रोजगार मेले लगाकर योजनाओं के स्टॉल लगाएं

**बरेली, अमृत विचारः** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मंगलवार शाम उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की कार्यकारी समिति की बैठक में वृहद रोजगार मेले आयोजित कराने के निर्देश दिए। कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री के हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान कराए जाएंगे। मेले में जिला स्तरीय समिति के अधिकारी अपने विभाग की रोजगार व स्वतः रोजगार, अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराएं। विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टाल लगवाएं।

डीएम ने कहा कि मिशन रोजगार अभियान के अधीन विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराये गये रोजगार व स्वरोजगार के लाभार्थियों को जिले के प्रभारी मंत्री के स्तर से नियुक्ति पत्र व प्रमाण वितरित कराए जाएंगे। बैठक में प्रभारी सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी दी कि सेवायोजन पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थियों के निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था है।

# 3-डी प्रिंटिंग तकनीक का महत्व बताया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **एसआरएमएस में सीईटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में दो दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला आयोजित**

**अमृत विचारः** श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से सीएडी प्रिंटिंग का परिचय विषय पर आयोजित दो दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हो गयी। कार्यशाला में आधुनिक उद्योगों में 3 डी प्रिंटिंग तकनीक के महत्व को बताया गया।

कार्यशाला के पहले दिन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रभाकर गुप्ता ने आधुनिक उद्योगों एवं इंडस्ट्री 4.0 में 3डी प्रिंटिंग जैसी उभरती तकनीकों के महत्व को रेखांकित किया। संकाय समन्वयक डा. सत्य देव ने औद्योगिक क्रांति तथा 3डी प्रिंटिंग तकनीक के विकास पर विस्तृत व्याख्यान दिया। टिंकरिंग लैब में डा. प्रदीप कुमार यादव, डॉ. सत्य देव एवं डॉ. पुष्पेंद्र यादव के मार्गदर्शन में सीएडी मॉडलिंग एवं 3डी प्रिंटिंग सिस्टम पर प्रायोगिक सत्र आयोजित किए गए। कार्यशाला के दूसरे दिन डॉ. पुष्पेंद्र यादव ने 3डी प्रिंटिंग सिस्टम के कार्य सिद्धांत, प्रमुख घटकों एवं अनुप्रयोगों की जानकारी दी। उन्नत मॉडलिंग अभ्यास एवं लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया।

इसके बाद टिंकरिंग लैब में डॉ. सत्य देव एवं डॉ. पुष्पेंद्र यादव के निर्देशन में 3डी प्रिंटिंग पर हैंड्स-ऑन सत्र आयोजित किए गए। समापन ऑनलाइन क्विज, संवादात्मक चर्चा एवं फीडबैक सत्र के साथ हुआ। क्विज विजेताओं को प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता ने पुरस्कृत किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ एमओसी साक्षी तिवारी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुआ।

## वरिष्ठ अधिवक्ता रविकांत शर्मा के निधन पर शोकसभा

बरेली, अमृत विचारः वरिष्ठ अधिवक्ता रविकांत शर्मा (76) का बीमारी के कारण मंगलवार को देहांत हो गया। बार व बेंच की संयुक्त शोकसभा प्रभारी जिला जज कुमारी अफशां व बार अध्यक्ष मनोज कुमार हरित की संयुक्त अध्यक्षता में न्यायालय कक्ष में हुई। अधिवक्तागण सुबह से ही न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोक प्रस्ताव पारित करते हुए उल्लेखित किया कि उन्होंने कचहरी पर वर्ष 1975 से अपना विधि व्यवसाय शुरू किया था, उनके परिवार में पत्नी, दो अविवाहित पुत्र हैं। इनके सगे भाई शशिकांत शर्मा भी अधिवक्ता हैं।

## रुविवि की रोवर्स रेंजर्स प्रकोष्ठ की बैठक 24 को

बरेली, अमृत विचार : एमजेपीरुहेलखंड विश्वविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन 24 फरवरी को इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रुमेंटेशन विभाग में दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण एवं शिविर और संबद्ध महाविद्यालयों में इकाइयों के गठन पर चर्चा की जाएगी।

# किसानों को एआई आधारित कृषि सिखाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आईवीआरआई में देखा जयपुर में हुए भारत विस्तार नेटवर्क कार्यक्रम का सीधा प्रसारण**
● **कृषि विज्ञान केंद्र, बरेली में 101 पुरुष और महिलाओं ने कृषि मंत्री का संबोधन सुना**

**अमृत विचारः** आईवीआरआई के कृषि विज्ञान केंद्र में 'भारत विस्तार नेटवर्क-कनेक्ट टू कंट्री कार्यक्रम का जयपुर से सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में 101 किसान पहुंचे। यहां डिजिटल कृषि सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत विस्तार (चरण-1) की औपचारिक शुरुआत की।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों बताया कि भारत विस्तार' किसानों के लिए एक सिंगल डिजिटल डोरवे है, जो एआई आधारित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में कार्य करेगा। किसान 155261 नंबर डायल कर भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। संस्थान की संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में भारत विस्तार का राष्ट्रीय प्रक्षेपण एवं कॉल सेंटर सुविधा, एआई हैकेथॉन की लॉन्चिंग, एग्री कोष की घोषणा और एआई आधारित स्ट्रेटजी रोड मैप का प्रस्तुतीकरण किया गया।

इसमें किसानों को 10 प्रमुख केंद्रीय योजनाओं की उपयोगिता, लाभ स्थिति जांच, शिकायत पंजीकरण, आईसीएआर आधारित परामर्श, कीट-रोग अलर्ट तथा मौसम की जानकारी के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

# चालक-परिचालकों की छुट्टियां रद्

कार्यालय संवाददाता, बरेली


वर्कशाप में खड़ी रोडवेज की बसें।

● **होली के लिए 28 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी विशेष बसें, प्रबंध निदेशक ने जारी किया आदेश**
● **चालक व परिचालकों को मिलेगी 4500 रुपये की प्रोत्साहन राशि**
● **आरएम ने सभी एआरएम को व्यवस्थाएं अभी से करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचारः** परिवहन निगम ने अब होली की तैयारी शुरू कर दी है। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए हर रूट पर बसों का निरंतर संचालन होता रहे, इसके लिए 28 फरवरी से नौ मार्च तक विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। प्रबंध निदेशक परिवहन निगम प्रभु एन. सिंह की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि शुरूआती दिनों में दिल्ली से पूर्वी दिशा के यात्रियों को ले जाने के लिए अधिक से अधिक बसें चलाई जाएं।

आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि होली के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग अपने घरों को लौटते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए बरेली रीजन के सभी डिपो से अतिरिक्त बसों के संचालन की भी योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि चार मार्च को होली है। इसको लेकर 28 फरवरी से नौ मार्च तक बसों का संचालन दूर के मार्ग से लेकर ग्रामीणांचल तक किया जाएगा। चालक और परिचालकों को अधिक ड्यूटी करने पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रोत्साहन अवधि में 300 किलोमीटर प्रतिदिन संचालन 10 दिनों तक होता है तो 450 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 4500 रुपये एकमुश्त धनराशि मिलेगी। न्यूनतम नौ दिनों तक ड्यूटी करने वालों को प्रतिदिन 400 रुपये के हिसाब से प्रोत्साहन धनराशि मिलेगी। प्रोत्साहन अवधि में अतिविशिष्ट परिस्थितियों को छोड़कर अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त रहेंगी।

### उत्कृष्ट काम करने वाले कर्मचारी को विशेष लाभ

उपरोक्त श्रेणी से भिन्न कार्मिकों की सेवाओं का भी उपयोग प्रोत्साहन अवधि में सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक/क्षेत्रीय प्रबन्धक करेंगे। बस स्टेशनों/कार्यशाला में तैनात कार्मिकों/उपाधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए पर्व अवधि में सभी क्षेत्रीय प्रबन्धक व सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक को धनराशि की विशेष स्वीकृति दी गई है। क्षेत्रीय प्रबन्धक को 10 हजार रुपए एवं सेवा प्रबन्धक को पांच हजार रुपए मिलेंगे।

## सिटी डायरी

### वार्षिक समारोह में छात्रों ने परफॉर्मेंस से जीता दिल



**बरेली, अमृत विचार :** रोहिलास इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह मजेस्टिक-2026 का आयोजन विद्यालय परिसर में अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने नृत्य, नाटक, संगीत, रोबोटिक, एआई और ताइक्वांडो के माध्यम से शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्रों की प्रतिभा को सराहा। उन्होंने और जीवन में अनुशासन, लगन और कड़ी मेहनत पर जोर दिया। स्कूल के चेयरमैन जाहिद हसन ने छात्रों को सकरात्मक योगादान के लिए प्रेरित किया। समारोह में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को पांच-पांच हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य कामरान ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक यादगार शाम के रूप में हुआ। निदेशक शुजा खान, उप प्रधानाचार्य कमाल खान, शबा नाज आदि मौजूद रहे।




### बरेली कॉलेज में यूजीसी बिल पर संवाद

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के पीजी फोरम के अंतर्गत मंगलवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रस्तावित बिल को लेकर छात्रों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। विभाग प्रभारी डॉक्टर रमेश त्रिपाठी और शिक्षिका चेतना तिवारी की उपस्थिति में संवाद तथ्यात्मक आधार पर हुआ। बिल के पक्ष में छात्रों ने कहा कि कैंपस में जातिगत भेदभाव वास्तविक समस्या है। डॉ. पायल तड़वी और रोहित वेमुला जैसे मामलों का जिक्र करते हुए इक्विटी कमेटी गठन को आवश्यक बताया। वहीं, विपक्ष में बोलते हुए छात्रों ने बिल के कुछ प्रावधानों पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि इससे विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई) के गठन और संस्थानों को नॉन-परफॉर्मिंग घोषित करने की शक्ति पर सवाल उठाए गए।

### अंतर महाविद्यालयीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता आज

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा त्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय महिला और पुरुष सेपकटाकरा प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में किया जाएगा। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

### बरेली कॉलेज की टीम का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में बरेली कॉलेज की पुरुष और महिला दोनों टीमें प्रतिभाग करेंगी। मंगलवार को बरेली कॉलेज मैदान पर आयोजित हुए ट्रायल में 7 महिला खिलाड़ी और 4 पुरुष खिलाड़ियों का टीम में चयन किया गया। क्रीड़ा सचिव विवेक डागर ने बताया कि चयनित टीम विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में बरेली कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### फ्यूचर प्रीमियर लीग का आगाज, ट्रॉफी का अनावरण




**बरेली, अमृत विचार :** फ्यूचर यूनिवर्सिटी के खेल मैदान में मंगलवार को फ्यूचर प्रीमियर लीग का शुभारंभ हुआ। लीग की शुरुआत मुख्य अतिथि और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मुकेश गुप्ता, प्रति-कुलाधिपति दीप गुप्ता और संध्या गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर की। कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने फ्यूचर प्रीमियर लीग की विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की 11 टीमों ने संगीत की धुन पर रैंप वॉक किया। अनुराग, सिमरन और महिमा ने डांस परफॉरमेंस दी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डीजे की धुनों पर विश्वविद्यालय के छात्र जमकर थिरके। कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों से खेल को सच्ची खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अभिषेक सक्सेना ने आगामी दो दिनों में होने वाले मैचों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने आगामी फ्यूचर ओलंपिक्स के बारे में भी जानकारी दी।

## वेबसाइट की तकनीकी अड़चन दूर, हुईं 400 रजिस्ट्री

**बरेली, अमृत विचार :** जिले भर में सोमवार को यूडीआई (यूनिक डिवाइस आइडेंटिफिकेशन) वेबसाइट की तकनीकी अड़चन के रुके हुए रजिस्ट्री कार्य मंगलवार को तेजी से पूरा किया गया। पूरे जिले में मंगलवार को करीब चार सौ रजिस्ट्री की गईं। बता दें कि सोमवार को आधार सत्यापन के लिए ओटीपी न आने से चार घंटे तक रजिस्ट्री का काम पूरी तरह ठप रहा।

एआईजी-स्टांप तेज सिंह यादव ने बताया कि रजिस्ट्री के लिए आधार सत्यापन होने में समस्या आ रही थी। मंगलवार को साइट चलने से रजिस्ट्री कार्य में मदद मिली। नतीजा रहा कि दिन भर में पूरे जिले में करीब चार सौ रजिस्ट्री कराई गई। बताया कि यूडीआई वेबसाइट की समस्या बरेली में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के सभी जिलों में थी।

# टीम भावना विकसित करते हैं खेल : डॉ. केशव

कार्यालय संवाददाता, बरेली



केशलता ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को स्पोर्ट्स वीक 'विक्ट्री कार्निवल सीजन-2' का भव्य शुभारंभ हुआ। ● अमृत विचार

● **केशलता ग्रुप और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में शुरू हुआ स्पोर्ट्स वीक 'विक्ट्री कार्निवल सीजन-2'**

**अमृत विचारः** केशलता ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने मंगलवार को स्पोर्ट्स वीक का भव्य शुभारंभ किया। 17 से 21 फरवरी तक होने वाले इस आयोजन को स्पोर्ट्स वीक 'विक्ट्री कार्निवल सीजन-2' का नाम दिया है। आयोजन का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने किया।

उद्घाटन समारोह में चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास का सशक्त माध्यम हैं और जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा टीम भावना का विकास करते हैं। वाइस प्रेसिडेंट गोपाल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण है खेल भावना और निरंतर प्रयास।

सचिव डॉ. लता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। वाइस प्रेसिडेंट गोपाल अग्रवाल, सचिव डॉ. लता अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ. आरके चितलंगिया एवं देवेंद्र खंडेलवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नर्सिंग प्राचार्या डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, उपप्राचार्या डॉ. अनीता गॉटलिब, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. पंकज मिश्रा सहित संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार जांगिड, सुगंधा सिंह, आइरीन बर्ज, शिवानी गुप्ता, कमलेश कुमार, अनुकृति सिंह, दीपाली आदि उपस्थित रहे।

### स्पोर्ट्स वीक के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन शुरू

स्पोर्ट्स वीक के अंतर्गत विभिन्न आउटडोर एवं इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आउटडोर खेलों में क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, रिले रेस, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, लंबी कूद व अन्य एथलेटिक प्रतियोगिताएं शामिल हैं। वहीं, इंडोर खेलों में शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, बैडमिंटन तथा अन्य बौद्धिक एवं कौशल आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। स्पोर्ट्स कार्यक्रम के सफल संचालन में खेल समन्वयक नितिन सहाई, अनुप्रिया एस. लाल, जगमोहन एवं सुनील कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खेल सप्ताह का समापन 21 फरवरी को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया जाएगा।